वर्ष- 3 , अंक- 09
छपरा
1 दिसंबर सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# साइक्लोन दितवाह से तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत

## 149 जानवरों की जान गई ; 234 कच्चे घर टूटे, 57,000 हेक्टेयर खेती की जमीन डूबी

**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु इस समय साइक्लोन दितवाह के भारी असर से जूझ रहा है। तेज हवाओं, लगातार बारिश और समुद्री तूफान ने कई जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया है। रविवार शाम तक यह चक्रवात तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट से टकराने के बेहद करीब पहुंच गया था। इसका असर इतना तेज है कि राज्य के कई तटीय इलाकों में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

**अब तक कहां-कहां हुई मौतें और कैसे?** तूतीकोरिन, तंजावुर और मयिलादुथुराई जिलों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों की जान दीवार गिरने से गई, जबकि एक 20 साल के युवक की मौत करंट लगने से हुई। ग्रामीण इलाकों में 149 जानवरों की मौत और 234 कच्चे घरों के टूटने की घटनाएं भी सामने आई हैं। सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है, क्योंकि करीब 57,000 हेक्टेयर खेती की जमीन पानी में डूब गई है।

**क्या साइक्लोन दितवाह और खतरनाक हो सकता है? IMD की चेतावनी क्या कहती है?** मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोन दितवाह अभी भी सक्रिय है और हवा की गति 70-80 kmph तक दर्ज की जा रही है, जो कई इलाकों में 90 kmph तक पहुंच सकती है। IMD ने कुड्डालोर, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जैसे जिलों में भारी से भी ज्यादा बारिश की चेतावनी दी है। IMD के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि तूफान रविवार सुबह तट से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर था और धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है।





### तमिलनाडु में 28 से ज्यादा रेस्क्यू टीमें तैनात करनी पड़ीं

हालात की गंभीरता को देखते हुए NDRF और SDRF की 28 से ज्यादा टीमें तमिलनाडु में भेजी गई हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात से भी 10 अतिरिक्त NDRF टीमें चेन्नई पहुंची हैं। भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 फ्लाइटें रद्द करनी पड़ीं। रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेन रूट बदल दिए गए हैं। यह सब दिखाता है कि सरकार पूरी तैयारी कर रही है, लेकिन तूफान का असर अपेक्षा से अधिक तेज हो रहा है।



मन की बात का 128वां एपिसोड

# पीएम मोदी ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी; कहा- नवंबर खेलों के लिए शानदार रहा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा। शुरुआत महिला टीम की ICC महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलिंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई । 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ । इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ ।

### मन की बात की खास बातें...

- **वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील :** पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफ्रीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और ऑस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है।
- **नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही :** पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में INS माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुडुचेरी-मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए, क्योंकि यह ऐतिहासिक जगह माहे पर आधारित है। इसके क्रेस्ट में उरुमी और कलारिपयट्टु की पारंपरिक तलवार जैसी झलक है।
- **उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म बढ़ रहा :** पीएम ने कहा कि सर्दियों के साथ ही विंटर टूरिज्म का मौसम भी शुरू हो गया है। कई देश स्कीइंग, स्नो-ट्रेकिंग और विंटर फेस्टिवल से बड़ी कमाई करते हैं। भारत में भी पहाड़, संस्कृति और एडवेंचर की पूरी क्षमता है।
- **स्थानीय उपाद अपनाने की अपील :** पीएम ने कहा कि शहद के पीछे लोगों की मेहनत और प्रकृति का तालमेल छिपा होता है। जम्मू-कश्मीर का सफेद रामबन सुलाई शहद अब GI टैग मिलने के बाद देशभर में प्रसिद्ध हुआ है। कर्नाटक के पुत्तुर और तुमकुरु में संस्थाओं ने आधुनिक प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और bee-boxes देकर किसानों की कमाई बढ़ाई है।

# कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषा नहीं जानते: मोहन भागवत



**नागपुर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के घटते इस्तेमाल पर चिंता जताई। मोहन भागवत ने कहा कि हालात ऐसी स्थिति पर पहुंच गए हैं कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भाषाएं नहीं जानते हैं। संत ज्ञानेश्वर की मूल रूप से मराठी में लिखी गई पुस्तक श्री ज्ञानेश्वरी के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के अवसर पर नागपुर में बोलते हुए भागवत ने समाज से भाषाई विरासत के धीरे-धीरे कम होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की। उन्होंने कहा, एक समय था जब सारा संचार, लेन-देन, रोजमर्रा के काम संस्कृत में होते थे। अब, कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज बहुत से बच्चे कुछ बुनियादी और सरल शब्द भी नहीं जानते हैं और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी के मिश्रण में बात करते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भारतीय भाषाएं नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने की अनिच्छा के कारण स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने कहा, अगर हम अपने घर में अपनी भाषा ठीक से बोलें, तो चीजें बेहतर होंगी। लेकिन हम ऐसा नहीं करते। भागवत ने कहा कि अब संत भी अंग्रेजी में बात करते हैं, जो समझ में आता है, लेकिन यह अभी भी बदलती भाषाई प्राथमिकताओं का संकेत है। संत ज्ञानेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संत ने समाज की बेहतर समझ के लिए भगवद् गीता के ज्ञान को मराठी में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, अब समस्या यह है कि अंग्रेजी भाषा में पर्याप्त शब्द नहीं हैं जो हमारी भाषाओं में व्यक्त विचारों या अवधारणाओं के सार और गहराई को व्यक्त कर सकें। ज्ञानेश्वर द्वारा प्रयुक्त एक शब्द के लिए अक्सर कई अंग्रेजी शब्दों की आवश्यकता होती है, लेकिन वह पूरी तरह से इच्छित अर्थ नहीं बता पाता। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने भारतीय परंपरा में बताए गए कल्पवृक्ष का उल्लेख किया। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अवधारणाओं का विदेशी भाषा में अनुवाद करने की सीमाओं पर जोर देते हुए भागवत ने पूछा, आप कल्पवृक्ष का अंग्रेजी में अनुवाद कैसे करेंगे? उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण इस बात पर जोर देते हैं कि भारतीय भाषाओं को संरक्षित और मजबूत क्यों किया जाना चाहिए।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं पर अन्याय हुआ तो मुझसे सामना करना होगा :एकनाथ शिंदे



**सातारा (महाराष्ट्र) ,एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे शिवसेना कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठी शिकायतों पर कार्रवाई न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी कार्यकर्ता के साथ अन्याय किया गया, तो संबंधित अधिकारियों को सीधे उनसे सामना करना पड़ेगा। शिंदे का यह बयान उस समय चर्चा में आया है, जब सिंधुदुर्ग पुलिस ने उनकी पार्टी के विधायक निलेश राणे के खिलाफ घुसपैठ का मामला दर्ज किया है।

राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक,आज से शीतकालीन सत्र शुरू

# रिजिजू बोले:विंटर सेशन में ठंडे दिमाग से काम की उम्मीद एसआईआर पर कहा- मैं चुनाव आयोग का प्रवक्ता नहीं

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** 1 दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस मीटिंग में विपक्ष के सभी सीनियर लीडर शामिल हुए।

पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने कहा- हम विपक्षी पार्टियों की बात सुनेंगे। यह विंटर सेशन है, हम उम्मीद करते हैं कि सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे।

पार्लियामेंट में एक सार्थक चर्चा होगी, कोई डिस्टर्बेंस नहीं होगा। अगर हम ठंडे दिमाग से काम करेंगे, तो यह देश के लिए



फायदेमंद होगा और पार्लियामेंट सेशन आसानी से चलेगा।

SIR मुद्दे पर रिजिजू ने कहा- मैं यह नहीं कह सकता कि हम चर्चा के लिए कौन से मुद्दे लाएंगे। इलेक्शन कमीशन अपना काम करता है। मैं इलेक्शन कमीशन का स्पोक्सपर्सन नहीं हूं। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। उधर विपक्ष SIR मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगी।

### अहम बिल जो पेश होंगे, उनसे क्या बदलाव

- **न्यूक्लियर सेक्टर के लिए बड़ा बदलाव:** लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा। यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी।
- **हॉयर एजुकेशन कमीशन बनाने वाला बिल भी तैयार:** सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है।
- **हाईवे भूमि अधिग्रहण तेज होगा:** नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाएगा, ताकि नेशनल हाईवे प्रोजक्ट्स में देरी कम हो सके।
- **कंपनी कानून और LLP कानून में बदलाव:** सरकार कॉरपोरेट लॉ (संशोधन) बिल, 2025 लाने की तैयारी कर रही है। जो कंपनी अधिनियम 2013 और LLP अधिनियम 2008 में बदलाव कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सरल करेगा।

डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस का अंतिम दिन

# पीएम मोदी बोले-महिला सुरक्षा के लिए बने एक प्लेटफॉर्म




**रायपुर,एजेंसी।** IIM नवा रायपुर में 60वें अखिल भारतीय DGP-IG कॉन्फ्रेंस का रविवार तीसरा और अंतिम दिन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 9 बजे अधिकारियों से अनौपचारिक चर्चा की। इसके बाद 10 बजे से बैठक शुरू हुई। पहले सत्र में उन राज्यों को प्रेजेंटेशन देने का मौका मिला, जो पहले अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर पाए थे।

पहले सत्र में पुलिसिंग में AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस रहेगा। सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों, राज्यों के इनपुट और पिछली सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए अंतिम गाइडलाइन का ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। साथ ही देश के जियो-पॉलिटिकल चैलेंजेस पर चर्चा होगी। इसी दौरान 'मॉडल स्टेट' भी चुना जाएगा, जिसकी बेहतरीन प्रैक्टिस को पूरे देश में लागू किए जाने की तैयारी है। दोनों सत्रों के पूरा होने और गाइडलाइन के अंतिम रूप में आने के बाद कॉन्फ्रेंस के औपचारिक समापन की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को 13 घंटे मैराथन बैठक हुई थी। बैठक की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत देशभर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने डायल 112 की तरह देश भर में एक प्लेटफॉर्म बनाया जाए।

### दिल्ली के तिगड़ी एक्सटेंशन में चार मंजिला बिल्डिंग में आग,4 की मौत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** साउथ दिल्ली के तिगड़ी एक्सटेंशन में शनिवार शाम एक फुटवियर शॉप में भीषण आग लगने से भाई-बहन समेत 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 घायल हैं। मरने वालों में बिल्डिंग का मालिक सतेंदर और उसकी बहन अनीता भी शामिल है। घायलों में से एक का नाम ममता है, वह 25% जल गई है। बाकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक शाम 6 बजे उनके पास एक PCR कॉल आया, जिसमें कहा गया कि टिगरी एक्सटेंशन में जूतों की दुकान में आग लगी है। आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है।

## नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर ,दिल्ली पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई FIR दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं- AJL, डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 2010 में AJL के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर AJL पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल और सोनिया गांधी की 76त्न हिस्सेदारी है। FIR 3 अक्टूबर को ED की हेडक्वार्टर्स इन्वेस्टिगेशन यूनिट (HIU) की शिकायत पर दर्ज की गई थी। ED ने 2008 से 2024 तक की अपनी जांच रिपोर्ट साझा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई।



## कृषि उत्पादन ही नहीं, मजदूरों की क्षमता को भी घटा रहा बढ़ता तापमान ; भारत सहित 5 देश गंभीर जोखिम में

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट चेतावनी देती है कि बढ़ता तापमान न केवल फसलों के उत्पादन को घटा रहा है, बल्कि मजदूरों-किसानों की काम करने की क्षमता को भी कमजोर कर रहा है और ग्रामीण गरीबी को गहरा रहा है। इसका सीधा असर किसानों और मजदूरों की जीविका पर पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि दुनिया में तेजी से बढ़ते तापमान का असर अब खेतों, किसानों और फसलों पर साफ तौर पर दिखने लगा है और भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के उन पांच देशों में शामिल है जहां कृषि पर बढ़ते तापमान का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की नई एशिया-प्रशांत



डिजास्टर रिपोर्ट 2025 में हुआ है, इसे संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) ने जारी किया है। रिपोर्ट बताती है कि भारत के साथ अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश भी गंभीर खतरे में पड़े देशों में शामिल हैं। बढ़ते तापमान के कारण न केवल फसलों का उत्पादन घट रहा है बल्कि पशुधन की उत्पादकता भी कम हो रही है और इसके साथ किसानों-मजदूरों की काम करने की क्षमता पर भी असर पड़ रहा है।

# एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई,12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक चलेगा

फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को जारी होगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने शनिवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में SIR 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

**कांग्रेस का आरोप- SIR प्रक्रिया में BLO की मौत मर्डर है :** SIR प्रक्रिया को लेकर लगातार विपक्ष हमलावर हैं। कांग्रेस ने प्रक्रिया के दौरान काम के दबाव के चलते जान गंवाने वाले BLO की मौत को मर्डर बताया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा था कि 20 दिनों में



26 BLOs की मौत दिनदहाड़े मर्डर जैसी है। सुप्रिया ने गोंडा के BLO विपिन यादव का जिक्र करते हुए कहा कि उनके परिवार ने बताया है कि उन पर वोटर लिस्ट से पिछड़े वर्ग के लोगों के नाम हटाने का दबाव था।

सुप्रिया ने कहा था कि यह कोई कहानी नहीं बल्कि देश के सामने एक कड़वा सच है। इतनी जल्दी क्या है? थोड़ा समय लेकर स्ढ्रक्र करवाओ।

### चुनाव आयोग का ऐलान- बीएलओ को मिलेगी डबल सैलरी

इससे पहले 2015 में बढ़ी थी; पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स-असिस्टेंट को भी मानदेय मिलेगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले BLO सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपए कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को BLO का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने शनिवार को जारी एक रिलीज में कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (EROs) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (AEROs) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा SIR प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख BLO काम कर रहे हैं। हर एक BLO के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है- प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं। इलेक्टोरल रोल मशीनरी, जिसमें इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (EROs), असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (AEROs), BLO सुपरवाइजर और बूथ लेवल ऑफिसर (BLOs) शामिल हैं।

## खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से साफ्ट टेनिस एसोशिएशन ऑफ बिहार का प्रतिनिधिमंडल मिला



**दैनिक खोजखबर।** पटना। बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से आज पटना में साफ्ट टेनिस एसोशिएशन ऑफ बिहार का प्रतिनिधिमंडल एसोशिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक आजाद, प्रदेश महासचिव धर्मवीर कुमार तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि मेहता के नेतृत्व में मिलकर खेलमंत्री बनने की बधाई दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री को उनके ओलंपिक विजय की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रुप में तथा बुके देकर उनका अभिनंदन किया। मंत्री श्रेयसी सिंह ने एक खिलाड़ी से खेल मंत्री बनने के अपने सफर और जिम्मेदारी का एहसास साझा किया। उन्होंने कहा कि बिहार के खिलाड़ियों में बहुत प्रतिभा है।इस प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना एवं इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाना उनका प्रमुख लक्ष्य है।बिहार में साफ्ट टेनिस के विकास के लिए प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा के दौरान मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार में साफ्ट टेनिस के विकास के लिए हर संभव सरकार के स्तर पर सहायता का आश्वासन दिया तथा 2032 में एशियन गेम्स के लिए बिहार से साफ्ट टेनिस के खिलाड़ी को तैयार करने में सहयोग की चर्चा की।चर्चा के दौरान महासचिव धर्मवीर कुमार ने खेलमंत्री को साफ्ट टेनिस के खिलाड़ीयों के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के साफ्ट टेनिस के खिलाड़ीयों के प्रदर्शन तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत की जानकारी के साथ बिहार सरकार की योजना मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत साफ्ट टेनिस के खिलाड़ीयों को नौकरी की जानकारी के साथ साथ साफ्ट टेनिस के खिलाड़ीयों को मैदान की कमी के कारण होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया की श्रेयसी सिंह के मंत्री बनने से खेल जगत में नई ऊर्जा आई है।ओलंपिक और कॉमन वेल्थ गेम्स में पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त श्रेयसी सिंह बिहार की पहली महिला खिलाड़ी हैं जो जनप्रतिनिधि रहते हुए ऑलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और अब इनके खेलमंत्री बनने से बिहार के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की उम्मीद बढ़ गई है।

# बिहार चुनाव : करारी हार के बाद राजद के सामने समीक्षा और सुधार के जरूरी बिंदु

**दैनिक खोजखबर/मढ़ौरा (सारण)।** बिहार चुनाव परिणाम ने राजद के भीतर एक बड़ा सवाल छोड़ दिया है – हम क्यों हारे ? समीक्षा बैठकें जारी हैं, यह ज़रूरी भी है क्योंकि लोकतंत्र में कोई भी राजनीतिक पराजय केवल सीटों का अंतर नहीं होती, वह जनता के मनोविज्ञान और हमारी रणनीति की कमजोरी को भी उजागर करती है। हार के बाद आत्मविश्लेषण का साहस रखने वाली पार्टी ही भविष्य में विजयी होती है। राजद भी यही कोशिश कर रही है, लेकिन कुछ प्रश्न ऐसे हैं जिन पर और अधिक गंभीरता, गहराई और नीतिगत स्पष्टता की आवश्यकता है।

1. **सामाजिक न्याय बनाम दलित वोट—**विश्वास की दूरी क्यों बनी रही ? राजद की पहचान हमेशा सामाजिक न्याय की राह चलने वाली पार्टी की रही है। मगर सवाल यह है कि क्या सामाजिक न्याय का यह मुद्दा दलित समाज में वोट में तब्दील हो पाया ? बहुजन राजनीति केवल नारे और घोषणाओं से नहीं चलती, वह तब सफल होती है जब उपेक्षित समाज खुद को पार्टी की प्राथमिकता में देखे, सुने और भागीदार महसूस करे। यदि दलित समाज का बड़ा हिस्सा हमारे साथ नहीं खड़ा हुआ तो इसका अर्थ है कि संवाद की कमी रही, नेतृत्व स्तर पर प्रतिनिधित्व सीमित रहा, और उनके वास्तविक प्रश्नों का समाधान चुनावी भाषणों में खो गया।
2. **मेनिफेस्टो के वादे जनता से क्यों न जुड़ सके?** 'हर घर नौकरी' जैसा वादा सुनने में क्रांतिकारी लगा, लेकिन जनता के भीतर इसे लेकर भरोसा नहीं बना।

**लोगों ने पूछा—कैसे? कब? किस योजना के तहत?** राजनीति में बड़ा वादा तभी सफल होता है जब उसकी ज़मीनी रूपरेखा भी उतनी ही स्पष्ट हो। यदि पब्लिक के मन में शक रह गया, तो वह वादा आकर्षक होते हुए भी असर नहीं छोड़ सका। यही स्थिति कुछ दूसरे वादों के साथ भी रही–सपना था, पर ठोस रोडमैप का अभाव विश्वास पैदा नहीं कर पाया। आने वाले चुनावों में राजद को सिर्फ वादा नहीं, बल्कि यथार्थपरक क्रियान्वयन मॉडल जनता को समझाना होगा।

3. **एमवाई समीकरण — हमारी सीमा नहीं,** ताकत बननी चाहिए थी। मुस्लिमङ्कयादव समीकरण वर्षों तक राजद की सबसे



नीरज कुमार

बड़ी राजनीतिक नींव रहा है, लेकिन आज लोकतंत्र की जमीन पर राजनीति बहुजन है, बहुवर्गीय है और व्यापक विस्तार मांगती है। अगर आज भी हमारी राजनीति एक तय दायरे तक सीमित रह जाए तो हम विस्तार की संभावनाओं को स्वयं सीमित कर रहे हैं। सवाल यह है कि हम अन्य पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, अतिदलित, सवर्ण गरीब, महिलाओं और युवाओं तक पूर्ण विस्तार क्यों नहीं कर पाए ? एमवाई आधार हमारी ताकत है पर यदि यही पूरी पहचान बन जाए तो जीत छोटी और हार भारी होती है।

4. **क्या संगठन में ए टू जेड नेतृत्व को स्थान मिला ?** राजनीति केवल नेताओं के भाषण से नहीं, संगठन की नाड़ी से चलती है। क्या राजद के संगठन में हर जाति, हर वर्ग, हर इलाके को नेतृत्व देने की समान अवसर नीति लागू हो पाई ? लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व ही सबसे बड़ी ताकत है। यदि कोई वर्ग खुद को निर्णायक स्थान पर नहीं देखता, तो उसका समर्थन समय के साथ ढलने लगता है। समीक्षा का यह सबसे संवेदनशील बिंदु है।
5. **युवा और छात्र विंग—सिर्फ नाम या वास्तविक संघर्ष?**

समाजवादी आंदोलन में विद्यार्थी और युवा विंग रीढ़ की हड्डी की भूमिका निभाते हैं। सवाल यह है कि क्या राजद का यूथ/छात्र संगठन बेरोज़गारी, फीस वृद्धि, शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के मुद्दे लेकर सड़क से विधानसभा तक दबाव बनाने में सफल रहा ? यदि युवा आवाज़ कमजोर है तो पार्टी की ऊर्जा भी कमजोर होती है। आज का युवा मुद्दे आधारित राजनीति चाहता है, और यदि वह सड़कों पर नहीं दिखा तो उसकी निराशा वोट में झलकनी ही थी। राजद को इस मोर्चे पर आंदोलनकारी ऊर्जा वापस लानी होगी।

6. जंगल राज की छवि– क्या कोई वैकल्पिक आख्यान बन पाया ? विपक्ष और मीडिया ने सालों से एक नैरेटिव गढ़ रखा है – जंगल राज। सवाल यह नहीं है कि वह कितना सही या गलत है, बल्कि यह कि क्या राजद इस छवि से बाहर निकलने का अपना आख्यान बना पाई? जब तक हम केवल सफाई देते रहेंगे, तब तक मीडिया का फ्रेम ही हावी रहेगा। हमें नया विमर्श बनाना होगा – काम का, विकास मॉडल का, युवा और किसान हितों का। जनता विकल्पों में तुलना करती है, और यदि कहानी विरोधी लिखते रहेंगे तो नुकसान हमारा होगा। निष्कर्ष हार कोई अंत नहीं, बल्कि नए संघर्ष की शुरुआत है।राजद ने समीक्षा का द्वार खोला है–अब ज़रूरत है कि यह समीक्षा केवल मसौदा बनकर न रह जाए, बल्कि परिवर्तन का आधार बने। आंदोलन, नीति, प्रतिनिधित्व, युवा शक्ति और स्पष्ट संकल्प–इन्हीं पाँच स्तंभों पर राजद नई जीत की नींव रख सकती है। हार की समीक्षा तभी सार्थक होगी जब हम प्रश्न पूछने के बाद उत्तर खोजने की हिम्मत भी रखें।

## निक्षय मित्र योजना:ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा 55 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट का किया गया वितरण

### टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड पैकेट वितरण करना सराहनीय कार्य – डॉ एपी सिन्हा




**दैनिक खोज/खबर छपरा, (30 नवंबर)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संचालिका डॉ अंजू सिंह के द्वारा विगत दो वर्षो से छपरा शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित एकमा प्रखंड से टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार खाने के लिए पोषाहार का वितरण किया जा रहा हैं। क्योंकि यह शहर ही नही बल्कि यूपी के जौनपुर में भी टीबी मरीजों को गोद लेकर सतत प्रयत्न शील संस्था के रूप में कार्य कर रहीं हैं। इसके अलावा यक्ष्मा के मरीजों को संस्था की ओर से जागरूक भी किया जाता है। उक्त बातें छपरा शहर की सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा लगभग 35 से अधिक टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के अवकाश प्राप्त ग़ैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने शहर के साधनापुरी स्थित उक्त कार्यालय के सभागार में संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी रोगियों के लिए पौष्टिक आहार वितरण समारोह के दौरान कही। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह ने उपस्थित आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहल है। जिससे टीबी रोगियों की उपचार में सहायता मिलती हैं। क्योंकि इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें पूरी होती हैं। इससे आमजन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कदम बढ़ाकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीबी रोगियों की पहचान के लिए सदर अस्पताल में बलगम जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उसके बाद पौष्टिक आहार खाने के लिए टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान बेहतर पोषण के लिए प्रति माह एक रुपए की धनराशि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जाती है। हालांकि टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए किसी आम व्यक्ति, निजी अस्पतालों एवं निजी चिकित्सकों को टीबी रोगियों की जानकारी देने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। छपरा शहर के 35 टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार के रूप में फूड पैकेट वितरण किया गया है, जबकि एकमा के 20 और डोरीगंज के 15 टीबी रोगियों के बीच जल्द ही फूड पैकेट वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह, पूर्व एन सी डी ओ डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मणि शाही और प्रीति शाही सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भूमि व आपसी विवाद में विभिन्न गांवों में मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल

**दैनिक खोजखबर।** एकमा(सारण)। एकमा पुलिस अंचल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भूमि व आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव निवासी सोनू कुमार गिरि, शशि कुमार गिरि, रविकांत गिरि, शशिकांत गिरि, उदित कुमार भारती, उत्तम गिरि, एकमा थाना क्षेत्र के फुचटीकला गांव निवासी सुमित कुमार, रामशंकर राय, प्रिंस कुमार, अंकित कुमार, बतन राय, प्रमोद राय, प्रभात कुमार राय, श्रीभगवान राय, श्रीराम राय दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी अलिजा शामिल हैं। सभी घायलों द्वारा संबंधित थानों में क्रास केस किया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## मां के पीछे निकला किशोर लापता, परिजन परेशान



**दैनिक खोजखबर।** मढ़ौरा (सारण)। थानाक्षेत्र के सेंदुआरी कुवारी टोला से एक किशोर के अचानक लापता हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के अनुसार लापता किशोर कुश कुमार, स्व. रामईश्वर राय का पुत्र है। परिजनों ने बताया कि कुश अपनी मां के पीछे घर से बाहर निकला था, लेकिन इसके बाद वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। किशोर के भाई पवन कुमार ने बताया कि परिवार उसकी तलाश में इधर-उधर भटक रहा है, लेकिन सफलता नहीं मिल रही। दूसरी ओर, पुलिस ने किशोर के परिजनों द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है और किशोर को जल्द खोज निकालने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## स्कूली नेशनल बालक अंडर 17 हैंडबॉल में बिहार को तीसरा स्थान

### सारण से बिहार टीम में शामिल अभिषेक कुमार को कांस्य पदक

**दैनिक खोजखबर।** छपरा। कर्नाटक के तुमकुर में 25 से 29 नवंबर तक आयोजित 69 वीं स्कूली नेशनल स्पोर्ट्स हैंडबॉल बालक अंडर 17 आयु वर्ग प्रतियोगिता में बिहार टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया । बिहार टीम को तीसरे स्थान की ट्रॉफी संग कांस्य पदक मिला। 16 सदस्यीय बिहार टीम में सारण जिला से शामिल खिलाड़ी अभिषेक कुमार ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। सारण जिला हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि सारण के बनियापुर बड़ा लौवा अवस्थित संत जलेश्वर एकेडमी में 10वीं का छात्र अभिषेक पिछले वर्ष भी इसी आयु वर्ग में 68 वीं एसजीएफआई महबूब नगर तेलंगाना में बिहार टीम से भाग लिया था जिसमें बिहार को पांचवां स्थान मिला था। बड़ा लौवा निवासी अशोक राय का पुत्र अभिषेक तीन भाई बहन में सबसे बड़ा है। स्कूल के शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह के देखरेख में प्रैक्टिस करता है। खिलाड़ी अभिषेक को नेशनल में कांस्य पदक मिलने पर स्कूल के फाउंडर सह सारण जिला हैंडबॉल प्रधान संरक्षक विधानपार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय , जिला हैंडबॉल अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , सचिव संजय कुमार सिंह , चेयरमैन डॉ हरेंद्र सिंह , स्कूल के प्रिंसिपल अजीत कुमार , उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह , राकेश कुमार सिंह , डॉ जितेन्द्र सिंह , ठाकुर विनोद सिंह , रितेश कुमार सिंह , प्रिंस कुमार सहित अन्य ने बधाई दी है।




# 20 वर्षों बाद मुख्यमंत्री पहुंचे सोनपुर मेला, शुभ संकेत



**दैनिक खोजखबर।** सोनपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30.11.25 को 20 साल बाद सोनपुर मेला में पहुंचे. इस खबर के सुनते ही लोगो को बातों पर यकीन नहीं हों रहा था, क्योंकि यहां के लोग लगातार 18 वर्षो तक सोनपुर मेला के उद्घाटन या मेला में आने का आग्रह किया गया लेकिन नहीं आये. पहली बार 2005 में चुनाव जितने के बाद आये थे उसके बाद क्या कारण रहा लोगो को मालूम नहीं लेकिन अचानक 2025 में 85 सीट मिलने के बाद उन्होंने पुनः 10 वीं बार मुख्यमंत्री बनने के बाद सोनपुर पहुँचे.यह सोनपुर के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है. मुख्यमंत्री मेला में लगनेवाले विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला पहुंच कर स्थलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मेला सह प्रदर्शनी क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट ग्राम, महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगायी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान निर्माणकर्ताओं एवं विक्रेताओं ने उत्पाद के निर्माण एवं उसकी लोगों तक पहुंच के लिये सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं सहायता के लिये मुख्यमंत्री का आभार जताया। जीविका दीदियों ने %मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मिल रही राशि से हो रहे फायदों को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुये कहा कि आपने जीविका दीदियों को आगे बढ़ाने के लिये काफी मदद की है। आपकी बदौलत राज्य की महिलायें आत्मनिर्भर हुयी हैं और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान मिल रहा है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला परिसर में नागरिक सुविधाओं, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सोनपुर मेला केवल प्राचीन परंपरा का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी आधार है। हजारों छोटे व्यापारी एवं कारीगर यहां आकर कलात्मक वस्तुएं, सजावटी सामान, पारंपरिक गहने, बर्तन, कपड़े इत्यादि अपने उत्पादों की बिक्री करते हैं। यह मेला स्थानीय उत्पादों को देशभर के बाजार तक पहुंचाने का माध्यम बन चुका है। हमलोग सभी की सुविधाओं का ख्याल रख रहे हैं साथ ही उनकी तरक्की के लिये कार्य कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि सोनपुर मेला का आयोजन सारण जिला के सोनपुर में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होकर पूरे एक महीने तक चलता है। इस वर्ष इसका आयोजन 03.11.2025 से 04.12.2025 तक किया जाना था। परंतु बिहार विधान सभा चुनाव के कारण इसमें आंशिक परिवर्तन करते हुए इसका आयोजन 09.11.2025 से 10.12.2025 तक किया जा रहा है। सोनपुर मेला एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेला है। गंगा और गंडक नदी के किनारे हजारों साल से इस मेले का आयोजन होता रहा है। बड़ी संख्या में आनेवाले श्रद्धालु नदी में स्नान कर यहां अवस्थित हरिहर नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करते हैं, इसलिए इसे हरिहर क्षेत्र मेला भी कहा जाता है। स्थानीय लोगों में यह छत्तर मेला के नाम से भी जाना जाता है। सोनपुर मेला मुख्य रूप से देश के सबसे बड़े पशु मेला के रूप में प्रसिद्ध है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां पर पशुओं की खरीद-बिकी के लिए आते रहे हैं, जिसमें घोड़ा, गाय, भैंस, कुत्ता, इत्यादि के खरीद-बिकी होती है। लोगों के मनोरंजन के लिए क्रिकेट, कुश्ती, नौकायन, इत्यादि विभिन्न प्रकार के खेलों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ राज्य के कलाकारों को भी अपना कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा बिहार के हर जिले के नक्शा लोगो को 150/-में उपलब्ध कराया जाता है तथा पर्यटन विभाग द्वारा मेला के आयोजन में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन सारण द्वारा नागरिक सुविधाओं, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मेला क्षेत्र में विभिन्न सरकारी विभागों यथा ग्रामीण विकास विभाग का ग्रामश्री मण्डप, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा केन्द्रीय मंत्रालयों और प्रतिष्ठानों यथा खान मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड, सशस्त्र सीमा बल आदि के द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी है। बड़ी संख्या में लोग इन्हें देखने आते हैं और सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हैं। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन, पटना जिला के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, सारण जिला के जिलाधिकारी अमन समीर, पटना जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा, सारण जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, स्थानीय प्रशासन सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गुरु रामप्रकाश मिश्रा और लोकगायक गोप के गायनों का आकाशवाणी में हुआ ध्वान्यांकन

### प्रसारण एक दिसंबर और तीन दिसंबर को होगा



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** जिले के सुविख्यात संगीतगुरु पं. रामप्रकाश मिश्रा और उनके शास्त्रीय गायन कला के शिष्य रहे लोकगायक रामेश्वर गोप के गीतों का ध्वान्यांकन आकाशवाणी पटना में एक साथ सम्पन्न हुआ. गुरू रामप्रकाश मिश्रा के स्वर में बिलम्बित ताल में बड़ा ख्याल ,दादरा आदि गायन सुनने को मिलेगा जिसका का प्रसारण 1 दिसंबर सोमवार की सुबह 7~25 बजे और रात को दस बजे होगा. लोकगायक रामेश्वर गोप के गीतों का प्रसारण आकाशवाणी सहित डीटीएच पर एक साथ 3 दिसम्बर बुधवार को होगा. गोप के स्वर में पारम्परिक लोकगीतों के साथ महेंद्र मिश्र के पूरबी और भिखारी ठाकुर का विदेशिया रचना भी सुनने को मिलेगा. आकाशवाणी पटना की निदेशिका नंदिनी वर्मा के निर्देशन में गीतों का ध्वान्यांकन चंद्रकांत पाठक द्वारा संपन्न कराया गया. तबले पर श्याम मोहन ,हारमोनियम पर विनोद कुमार पाठक,तानपुरा पर रविशंकर नारायण ने संगत किया है. सारण जिले के ग्रेड ए के इन गुरू शिष्य कलाकारों को पटना आकाशवाणी संगीत सम्मेलन में भी आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम के लिए सोशल मीडिया पर गुरू शिष्य को बधाई दी जा रही है.

## सरकारी नहरी को अतिक्रमित किये जाने की शिकायत

**दैनिक खोजखबर।** पानापुर (सारण)। प्रखंड के मुड़वा एवं महम्मदपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर सरकारी नहरी को अतिक्रमित किये जाने की शिकायत की है.दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में कहा गया है कि महम्मदपुर बाजार से मुड़वा जानेवाले मार्ग के बगल स्थित एक भूभाग के बिचोबीच सरकारी नहरी है. उक्त नहरी को भरकर महम्मदपुर गांव निवासी धर्मपाल साह द्वारा पक्का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आनेवाले दिनों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है. उन्होंने सीओ से अविलम्ब निर्माण कार्य रोकने की मांग की है.आवेदन पर हस्ताक्षर करनेवालों में झूलन पंडित, अजीत कुमार कुशवाहा, भूषण पंडित, सालिक साह,गौतम सिंह, मुरारी पंडित, जीतेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल हैं.

## छपरा में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**दैनिक खोज खबर।** छपरा। रविवार को शहर से एक सनसनीखेज वारदात प्रकाश में आया, जहां बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े पुलिस लाइन के नजदीक एक अधेड़ व्यक्ति की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार अधेड़ व्यक्ति अपराधियों को पिस्टल लिए हुए देख खतरे को भांपते हुए अपनी जान बचाने के लिए भागकर समीप के एक घर में घुस गया। लेकिन अपराधी भी पीछा करते हुए घर में घुस गए और उसके सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि उसके पास से अमरपाली ट्रेन का रिज़र्वेशन टिकट मिला है, जो कटिहार से छपरा का है।जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान की कोशिश कर रही है।

पुलिस ने मौके से पिस्टल के दो खोखे बरामद किए हैं और पुलिस लाइन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जा सके।

## बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में महादलित बस्ती के दर्जनों घर जलकर राख

**दैनिक खोजखबर।** पानापुर (सारण)। रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के कोंध भगवानपुर मुसहर टोली में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में तीन दर्जन से ज्यादा घर पूरी तरह जलकर राख हो गए. बताया जाता हैं कि रविवार की दोपहर ढाई बजे बस्ती के एक घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गयी एवं देखते ही देखते उसने पूरी बस्ती को अपनी आगोश में ले लिया. आग की विभीषिका इतनी न तेज थी कि आसपास किसी को जाने कि हिम्मत नहीं हो रही थी. बस्ती के लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी एवं मवेशियों की जान बचायी. घटना की सूचना मिलते ही पानापुर एवं तरैया से फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन पूरी तरह आग बुझाने में असमर्थ दिखी. आग की विकरालता देख मढ़ौरा से फायरब्रिगेड की बड़ी गाड़ी पहुंची एवं घंटो मशक्क़त के बाद आग पर काबू पाया. हालांकि अगलगी की इस घटना में अनंत राउत, राजेश राउत, मनोज राउत, मुनचुन राउत, देवकुमार राउत, परशुराम राउत, कन्हैया राउत, हीरामन राम, कृष्णा राउत, सुजीत राउत, संतोष राउत, भीखम राउत, सूरज राउत सहित तीन दर्जन से ज्यादा परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए.

**जनप्रतिनिधियों ने मदद को बढ़ाया हाथ** –घटना की सूचना मिलते ही जिलापार्षद रत्नेश कुमार भास्कर, मुखिया प्रतिनिधि डां. वकील राय, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि केश्वर राय मौके पर पहुँचे एवं घटना की जानकारी ली. मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों के लिए कंबल एवं खाने की व्यवस्था करायी एवं अंचल कार्यालय से पीड़ितों के लिए तिरपाल की व्यवस्था करायी. वही जिला पार्षद ने पीड़ितों के लिए चूड़ा मीठा की व्यवस्था करायी. वही विधायक जनक सिंह ने दूरभाष के माध्यम से पीड़ितों का हालचाल जाना एवं सीओ से पीड़ितों को हरसम्भव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया.

## सांसद सिग्रीवाल के साथ सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम



**दैनिक खोजखबर।** जलालपुर(सारण)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 128 वे एपिसोड को सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने आवास पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ रेडियो पर सुना।पीएम मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का हर कार्यक्रम दिल को छू लेने वाला होता है और इससे काफी ऊर्जा मिलती है। रविवार के अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जिक्र किया है। उन्होंने हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में आयोजित गीता महोत्सव की चर्चा की और कहा कि इस कार्यक्रम में शिरकत कर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में शिखर पर धर्म ध्वजा फहराकर भी भाव विभोर हो गया हूं। धर्मध्वज राम मंदिर के पूरा होने का प्रतीक है और पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और अब धर्म ध्वजा इन पलो का साक्षी बनकर जीवन धन्य हो गया है। उन्होंने खेल की दुनिया में भारत के परचम लहराने की बात की,उन्होंने जेन ॅ का भी जिक्र किया। वोकल फार लोकल सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान से सुना और सराहना की।मौके पर भाजपा सारण पश्चिमी के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी, भाजपा राज्य परिषद् सदस्य प्रमोद सिग्रीवाल,जिला मंत्री गुड्डू चौधरी, भाजपा सारण पश्चिमी के सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी,अनिल सिंह, विजय सिंह नीलेश सिंह सहित क ई अन्य भी थे।

## रविवार को अवकाश के कारण सोनपुर मेले में रिकॉर्ड तोड़ भीड़

### मेला में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मेलार्थी



**दैनिक खोजखबर।** सोनपुर। रविवार को अवकाश के कारण मेले में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ रहा. उद्घाटन के बाद से अब तक मेले में 20 लाख से अधिक लोग आ चुके हैं.रविवार को छुट्टी के चलते मेले में लोगों की रिकॉर्ड भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त रहा.9 नवंबर को मेला शुरू हुआ था.जो 10 दिसंबर तक लगेगा. मेला उद्घाटन से लेकर अब तक मेला देखने वालों के क्रेज में कोई कमी नहीं आई है.मेलार्थी आकर बाबा हरिहरनाथ के दरबार में शीश झुका रहे हैं.आसपास में मंदिरो में पहुंच कर देवी देवताओं को दर्शन कर मन्नते मांग रहे तो कोई नौका बिहार का आनंद उठा रहे है कोई मेले में पहुंच कर अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरत समानों के खरीदारी कर रहे हैं.शनिवार को भी मेले में लगी दुकानों और स्टॉलों पर भीड़ रही. दिनभर वैशाली,पटना, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सिवान, गोपालगंज, मधुबनी और अन्य जिलों से लोगों का आना-जाना लगा रहा.लोगों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने गलतियों के लिए क्षमा याचना की और अपने परिवार पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की. स्थानीय पुलिस प्रशासन के अनुसार मेले मे सुविधा व सुरक्षा के कड़े प्रबंध हैं. रविवार को करीब 2 लाख मेलार्थी का आगमन का अनुमान रहा. मेले में 20 साल बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोनपुर मेला पहुंच कर मेला में लगाए गये प्रदर्शनी का निरीक्षण किया. मेले में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन ने कड़े प्रबंध किए हैं.लोगो का अनुमान है कि इस साल मेले में कुल 35 से 40 लाख लोग मेला मे आयेंगे.इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से पहले से ही व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी को कोई परेशानी न हो. स्थानीय लोग कहते है कि छुट्टी के चलते रविवार को अधिक संख्या में लोग मेला देखने अपने बच्चे व परिवार के सदस्यों के साथ आकर मेला घूमते है और मेला का आनंद लेते है, इसलिए यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त है.मेला मे आने वालो का पसंद बना राजस्थानी क्रॉकरी, यूपी की मूर्तियां केतली, कप-प्लेट, कटोरियां और चम्मच की भी खूब है मांग रहा.यहाँ आने वाले लोग गंडक नदी में पवित्र स्नान और बाबा हरिहरनाथ के दर्शन के बाद श्रद्धालु सीधे मेले के बाजार में पहुंचे. पूजा-पाठ के साथ-साथ घर लौटने का सामान जुटाने का उत्साह भी चरम पर रहा.राजस्थानी क्रॉकरी और उत्तर प्रदेश के कारीगरों की ओर से बनाई गई मूर्तियां श्रद्धालुओं की पहली पसंद बनीं हुई हैं.मेले में सजे स्टॉलों पर रंग-बिरंगे डिजाइन वाली राजस्थानी क्रॉकरी देखते ही बन रहा है.मधुबनी से आई महिला ने बताया कि कप-प्लेट, ट्रे, अलग-अलग साइज की कटोरियां और चम्मच... सब कुछ इतना सुंदर है कि मन नहीं भरता. वह भी 10 रुपये से शुरू होकर महज 300 रुपये तक मिल रहा है. मेलार्थी मेला में आकर मेला के मशहूर लिट्टी चौखा, गुड़ के जिलेवी के आलावा मियाँ मिठाई खरीदने से नहीं चूकते है. मेला में घर के बाजार से कहीं सस्ती और क्वालिटी शानदार है. श्रद्धालु जब मेले में पहुंचते हैं तो साज-श्रृंगार, पूजा सामग्री, घरेलू समाग्री से लेकर ये खूबसूरत क्रॉकरी और मूर्तियां हाथों-हाथ बिक रही हैं. मेले का मीना बाजार श्रद्धा और खरीदारी का अनोखा संगम बन गया है.

## सांसद सिग्रीवाल की नाराजगी और शिकायत पर बनियापुर थानाध्यक्ष किए गए निलंबित



**दैनिक खोजखबर।** जलालपुर (सारण)। अनुज हत्याकांड में पीड़ित परिवार के साथ अनुचित व्यवहार करने के आरोप में व महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की नाराजगी और शिकायत पर एसएसपी सारण ने बनियापुर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है।इस संबंध में मृतक के परिजनों ने सांसद से शिकायत की थी।रविवार को मृतक के परिजनो से मिलने के बाद उन्होने बताया कि बनियापुर टोले परसा निवासी जयप्रकाश कुशवाहा एवं उनके पुत्र अनुज कुमार कुशवाहा पर चुनावी रंजिश के तहत दूसरे समुदाय के असामाजिक तत्वों द्वारा घातक चाकू हमला किया गया था। हमले में अनुज कुमार कुशवाहा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उनके पिता जयप्रकाश कुशवाहा अभी भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होने पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर परिजनों से मुलाकात की, दुख साझा किया और न्याय के प्रति पूर्ण आश्वासन दिया। इसके उपरांत मोबाइल फोन के माध्यम से तत्काल पुलिस डीआईओ से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

**इस सम्बन्ध मे एक पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा**-प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि बनियापुर थाना अंतर्गत परसा टोला में दिनांक 24/11/2025 की रात्रि में मारपीट की घटना घटित हुई थी।घटना में नियम अनुसार त्वरित कार्रवाई न करने व पीड़ित पक्ष के साथ अनुचित व्यवहार करने के आरोप के संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -2 के जांचोपरांत थाना अध्यक्ष बनियापुर के विरुद्ध पीड़ित पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है। तदोपरांत उक्त जांच प्रतिवेदन में इंगित तथ्यो के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक सारण द्वारा बनियापुर थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

### सोनपुर मेला में नौका दौड़ का हुआ आयोजन

## हरेंद्र सहनी की टीम बनी चैंपियन, दूसरा स्थान धनेश सहनी, तीसरा- सोनी सहनी

**दैनिक खोजखबर।** सोनपुर। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में ज्ञान विज्ञानं, सरकारी योजनाओं के जनकारी,घरेलू समानों के बिक्री,खेलकूद, सहित हर तरह के मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहता है. प्रशासन द्वारा सोनपुर नरायणी नदी के पुरानी गंडक पुल स्थित दर्जनों नाविको ने रविवार को नौका दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया. जिसका शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने पुरानी गंडक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौका दौड़ में कालीघाट स्थल के पास नौड़ा को खेब कर आगे की ओर बढ़ते रहे। जिसमे प्रथम स्थान नाव संख्या 6 नम्बर के संचालक हरेंद्र सहनी की टीम बिजयी रहे जिसमें हरेंद्र सहनी, पप्पू सहनी और सनोज सहनी भागीदार थे। जबकि दूसरा स्थान पर एक नम्बर के नाविक धनेश सहनी की टीम ने प्राप्त की और 15 नम्बर के नाविक तृतीय स्थान सोनी सहनी की टीम ने प्राप्त की। पुरस्कार वितरण जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में दीपक कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह, यशपाल कुमार, सुजीत कुमार ,किशोर कुणाल , रामकृष्ण ,अमित गिरी, पंकज कुमार चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सारण बना सोनपुर मेला 2025 में अंतर प्रमंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन



**दैनिक खोजखबर।** सोनपुर। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2025 के आउटडोर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित फुटबॉल अंडर -19 प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें सारण ने मुंगेर के विरुद्ध 2-1 से जीत दर्ज की।फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 9 प्रमंडल की टीमों ने भाग लिया था। फुटबॉल प्रतियोगिता के संयोजक श्री रूपनारायण जी ने बताया कि सभी टीमों ने शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला सारण और मुंगेर के बीच खेला गया जो काफी रोचक एवं रोमांचक मैच रहा।फाइनल मुकाबले में सारण की टीम मुंगेर को 2-1के अंतर से हराकर विजेता बनी। सारण ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। दर्शक सारण के खिलाड़ियों के कलात्मक खेल को देखकर रोमांचित हो उठे। जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से अवधेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, यशपाल कुमार सिंह, सुजीत कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह, किशोर कुणाल, दीपक कुमार सिंह, पंकज कुमार चौहान, निलाभ गुंजन, गौरी शंकर, सर्वेश, खुशीनुदी कमाल, रामकृष्ण, सुशील नवादा, मिल्टन, मुकेशसिंह, सिमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुर्शीद, याजदानी आदि मौजूद रहे

## जलालपुर प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक के अवकाश ग्रहण पर सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोजखबर।** जलालपुर(सारण)।जलालपुर प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक वेद प्रकाश के अवकाश ग्रहण पर उनके सम्मान मे विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।उन्हे अंगवस्त्र व अन्य सामग्रियो के साथ सम्मानित किया गया।उन्होंने 2023से अवकाश ग्रहणतक जलालपुर मे कार्यरत रहे।सभी उपस्थित गणमान्यो ने उनके कार्यकाल व कार्यशैली की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान ने की व संचालन बीडीसी राजन तिवारी ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद प्रसाद, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी विकास कुमार नाजीर चंद्रभूषण कुमार मंजूर आलम, प्रधान सहायक उदय विश्वकर्मा लिपिक अजय कुमार, उप प्रमुख सनिश कुमार सहित जलालपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## आज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**सिवान।** सदर अस्पताल में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में सदर अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि एक सप्ताह पर्व पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी स्थिति बिगड़ती गई और रविवार को मौत हो गई। मौत के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया गया। उसकी पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में शव रखा गया है।

## सीवान- पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न थानों में की गई प्रतिनियुक्ति

**परवेज अख्तर/सीवान।** सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर जिले के 76 पुलिस पदाधिकारी को विभिन्न थानों में प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र में बताया कि पुलिस पदाधिकारियों को कार्यहीत में तत्काल प्रभाव से विभिन्न थानों में पदस्थापित किया जाता है।

पुलिस पदाधिकारी का नाम वर्तमान प्रतिनियुक्ति नव प्रतिनियुक्ति कार्य इकाई
पुअनि मदन कुमार-2019 नगर थाना भगवानपुर थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि शिवनंदन पासवान नगर थाना बसंतपुर थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि सज्जाद खान नगर थाना हुसैनगंज थाना अनुसंधान इकाई
सअनि जैनेंद्र कुमार मंडल बड़हरिया थाना एमएचनगर अनुसंधान इकाई
सअनि सरोज कुमार बड़हरिया थाना दारौंदा थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि विद्या सिंह बड़हरिया थाना दरौली थाना अनुसंधान इकाई
पीटीसी चिंटु कुमार बड़हरिया थाना जामो बाजार थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि अमित कुमार शर्मा दारौंदा थाना बड़हरिया थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि गौतम कुमार एमएच नगर थाना बड़हरिया थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि संतोष कुमार नगर थाना बड़हरिया थाना अनुसंधान इकाई
पुअनि जितेंद्र सिंह यादव लकड़ी नबीगंज नगर थाना अनुसंधान इकाई
सअनि बलवीर मेहता ईआरवी दारौंदा थाना धनौती इआरवी
सअनि निलेश कुमार ईआरवी धनौती थाना दारौंदा इआरवी
परिपुअनि पम्मी कुमारी नौतन थाना चैनपुर थाना अनुसंधान
पुअनि बच्चन प्रसाद मंडल पुलिस केंद्र महाराजगंज थाना अनुसंधान
सअनि अक्षय कुमार यादव एमईआरवी महाराजगंज यातायात विधि-व्यवस्था
परिपुअनि सूर्यकुमार जीरादेई थाना लकड़ीनबीगंज थाना अनुसंधान
परिपुअनि प्रशांत कुमार महाराजगंज थाना जीरादेई थाना अनुसंधान
पुअनि अजित कुमार दास जीरादेई थाना नगर थाना अनुसंधान

## सात को होगा सारण प्रमंडलीय समीक्षा बैठक

**सिवान।** राष्ट्रीय नोनियां महासंघ (भारत) का सारण प्रमंडलीय समीक्षा बैठक सात दिसंबर को शहर के सिसवन ढाला के समीप सूरापुर स्थित एक होटल में होगी। बैठक में सारण प्रमंडलीय के समाज से जुड़े बुद्धिजीवी साथियों को सम्मिलित होने की अपील की गई है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष सुभाष प्रसाद चौहान ने बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव की समीक्षा करने हेतु तथा बिहार के राजनैतिक मानचित्र पर हमारी स्थिति क्या है। यह एक गंभीर एवं सोचनीय विषय है। आने वाले समय 2029 लोकसभा एवं 2030 विधानसभा के साथ-साथ पंचायत से पार्लियामेंट चुनाव में हम संगठित होकर समाज को प्रतिष्ठा एवं पहचान दे सकें। इसी निमित यह बैठक सात दिसंबर को रखी गई है। संयोजक विश्वकर्मा चौहान ने बताया कि जिला में समाज के उत्थान में मेरा सकारात्मक सहयोग हमेशा रहेगा। नोनिया समाज पिछड़ा हुआ था। अब यह समाज खोई हुई प्रतिष्ठा को तमाम जगह एक जुट करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर प्रो. डा. नित्या चौहान, धनौती मुखिया ई. विनय चौहान, अमन चौहान, जयकरण चौहान, राम प्रताप चौहान, रामकिशोर महतो आदि उपस्थित थे।

## नेत्र जांच शिविर में 250 मरीजों की हुई जांच

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हवेली में रविवार को हुसैनी आई कैंप का आयोजन किया गया। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मोहम्मद अमजद खान, डा. जेड अहमद एवं डा. वसी जाफरी द्वारा करीब 250 मरीजों की आंखों का जांच की गई। साथ इसमें से करीब 100 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन हेतु चिह्नित किया गया। कैंप के संचालक मौलाना शमीम तोराबी ने बताया कि सभी मोतियाबिंद के चिह्नित मरीजों का मुफ्त आपरेशन सिवान के एमएम कालोनी स्थित अल जिलानी आई केयर सेंटर में किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से हर धर्म एवं संप्रदाय के लोग अपना इलाज करा सकते हैं। इस अवसर पर सैयद अली अब्बास हसनैन अली, मोहम्मद बेदार, अली हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षिका के निधन से शोक

**लकड़ी नबीगंज(सीवान )।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मराछी की शिक्षिका पूजा कुमारी के निधन की सूचना रविवार की सुबह मिलते ही क्षेत्र के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षक संघ नेता संतोष कुमार सिंह के अनुसार शिक्षिका किडनी संबंधित बीमारी से पीड़ित थी। उनका उपचार कोलकाता में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर विशाल कुमार राय, रंजीत सिंह, प्रधानाध्यापक व्यास कुमार सिंह, हरिलाल यादव, जितेंद्र सिंह, मनीषा कुमारी आदि शिक्षकों ने शोक व्यक्त की है।

## हत्या मामले में पुलिस संदिग्ध को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**बसंतपुर(सीवान )।** थाना क्षेत्र के कुमकुमपुर गांव में शनिवार को करीब एक सप्ताह से गायब किशोरी का शव मिलने के मामले में रविवार की अल सुबह पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतका के स्वजन हत्या सहित अन्य आरोप लगा रहे हैं। किशोरी का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों के रोने से जुटे लोगों की आंखें नम हो गई। तीन भाई-बहनों में मृतका सबसे बड़ी थी। ज्ञात हो कि इस माह की 22 तारीख से ही वह गायब थी। पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी कराई थी। शनिवार को करीब एक सप्ताह बाद उसका शव घर से थोड़ी दूर मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना को लेकर लोगों में भी कई तरह की चर्चा होने लगी। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## मिल्की नहर के समीप एफसीआइ का चावल लदा ट्रक पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**दारौंदा(सीवान )।** थाना क्षेत्र के मिल्की नहर के समीप रविवार की सुबह भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) का चावल लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया, चालक को आंशिक चोटें आई हैं।

बताते हैं कि ट्रक सिवान रैक प्वाइंट से चावल लेकर कोल्हुआं स्थित एफसीआइ गोदाम की ओर जा रहा था। मिल्की नहर के पास अचानक तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस दौरान चालक व खलासी किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहे। इस घटना में ट्रक को भारी क्षति पहुंची है, जबकि चावल की बोरियां बिखर जाने से काफी मात्रा में अनाज बर्बाद होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना संबंधित विभाग को दे दी। इस संबंध में एजीएम कामाख्या नारायण ने बताया कि चावल की खेप सिवान रैक प्वाइंट से एफसीआइ गोदाम कोल्हुआं भेजी जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रक का चक्का फिसलने के कारण यह घटना हुई है। विभागीय स्तर पर मामले की जांच की जा रही है।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 27 गिरफ्तार

सिवान। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान विविध के कांड में आठ, हत्या के कांड में एक, हत्या के प्रयास में दो, आर्म्स एक्ट के कांड में दो व शराब के कांड में 14 गिरफ्तारी की गई। वहीं 72 लीटर देशी शराब जब्त किया गया। जबकि 29 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि 93 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं तीन दो पहिया वाहन, एक कट्टा, दो गोली, दो सोने जैसा चेन, आठ अंगुठी, तीन कान का बाली, एक झुमका, एक हार व एक मांगटीका सहित अन्य बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

# नेत्रदानी लाइची कुंवर जी के श्राद्धकर्म में दधीचि देहदान समिति सिवान की उपस्थिति

### परिवार को प्रांतीय प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया



**दैनिक खोजखबर।** परवेज अख्तर/सीवान। दधीचि देहदान समिति सिवान की टीम ने नेत्रदानी स्वर्गीय लाइची कुँवर जी के श्राद्धकर्म में पहुँचकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि अर्पण के पश्चात प्रांत से प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र समिति द्वारा दिवंगत की स्मृति में उनके पुत्र हरेंद्र पांडेय, नागेंद्र पांडेय, देवेंद्र पांडेय, तथा पौत्र भारत भूषण पांडेय को सम्मानपूर्वक प्रदान किए गए। समिति के अध्यक्ष नीलेश वर्मा नील ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अंगदान एवं देहदान के महत्व से अवगत कराया। वहीं सचिव सतीश शर्मा, उपसचिव डॉ. प्रदीप कुमार, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, तथा सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं राजीव कुमार ने नेत्रदान से जुड़े सामाजिक महत्व और प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। समिति के संरक्षक डॉ. संजय सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. स्वेता रानी ने भी नेत्रदानी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। दधीचि देहदान समिति सिवान के उपाध्यक्ष राकेस सहाय ने परिवार को उनके इस महान एवं मानवतापूर्ण निर्णय के लिए धन्यवाद दिया। प्रांतीय सचिव आनंद प्रधान जी ने अपने संदेश में कहा कि लाइची कुँवर जी का नेत्रदान अनेक जरूरतमंदों के जीवन में प्रकाश लेकर आएगा। समिति के शीर्ष पदाधिकारियों– महासचिव एवं पद्मश्री विमल जैन, अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यपाल सिक्किम गंगाप्रसाद, उपाध्यक्ष वरीय नेत्र-विशेषज्ञ डॉ. सुबाष प्रसाद ने भी संदेश भेजकर नेत्रदानी परिवार को कोटि-कोटि नमन किया तथा उनके इस प्रेरक निर्णय की सराहना की।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा में शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। हालांकि घायलों की पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों किसी शादी से आ रहे थे तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं महादेवा थाना क्षेत्र के हकाम गांव स्थित हाइवे पर रविवार की अलसुबह दो पिकअप आपसे में टक्कर हो गई। इसमें दो चालक घायल हो गए।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, पिकअप जब्त,भेजे गए जेल



**सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुता मिल के पास से शराब बरामद के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक पिकअप को जब्त कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सुता मिल होते हुए एक पिकअप शराब लेकर आ रहा है। सूचना पर उत्पाद थाना के पदाधिकारी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सुता मिल के पास से एक टाटा पिकअप आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान पिकअप में बने गुप्त तहखाने से 155.490 लीटर विदेसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बड़हिरया थाना क्षेत्र के भीमपुर निवासी सह चालक बीरेंद्र कुमार एवं उपचालक रणजीत कुमार है। इसके बाद पिकअप को जब्त कर लिया गया। बताया कि दोनों तस्कर से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर अन्य की जांच हो रही है। शौच करने गई महिला पर सियार ने किया हमला,घायल

सिवान- चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में रविवार की सुबह शौच करने गई महिला पर सियार ने हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान सुदर्शन शर्मा की पत्नी लालती देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि लालती देवी शौच करने गई थी, तभी सियार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सड़क किनारे जा रही मासूम समेत पांच महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, दो रेफर

**रघुनाथपुर(सीवान)।** थाना क्षेत्र के दुदहां में रविवार सुबह रघुनाथपुरङ्आंदर मुख्य सड़क पर तेज गति से जा रहा पिकअप ने सड़क किनारे जा रहे एक मासूम समेत पांच महिलाओं को रौंद दिया। इससे सभी घायल हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने पिकअप चालक व गाड़ी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा दो की हालत गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान दुदहा निवासी रामपति सिंह की पत्नी रमावती देवी, विपिन सिंह की पुत्री सलोनी कुमारी, त्रिलोकी सिंह की मासूम पुत्री तृषा कुमारी तथा गोपी पतियांव निवासी जयप्रकाश सिंह की पत्नी सुभावती देवी शामिल हैं। घायलों में सुभावती देवी एवं तृषा कुमारी को चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है तथा दो अन्य घायलों का उपचार कर घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी महिलाएं धान की दवरी के लिए एक साथ खेत जा रही थी। इस दौरान रघुनाथपुर की ओर से तेज गति से आ रहे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा रहे महिलाओं को रौंद दिया। वहीं मौके पर ग्रामीणों ने वाहन और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अभी तक घायलों की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अपने स्तर से पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## 15 शराबी व सात तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए 15 शराबी व सात तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि 29 नवंबर को उत्पाद विभाग द्वारा 113 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 15 शराबियों व सात शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 368 लीटर अवैध देसी शराब एवं 209.640 लीटर विदेसी शराब बरामद की गई। साथ ही एक पिकअप, एक टोटो व एक बाइक को जब्त किया गया है।

## तरवारा के चाचोपाली पुल के समीप हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हथियार के साथ दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने एक कट्टा, दो गोली व एक बाइक को बरामद किया है। गिरफ्तार जीबी नगर थाना क्षेत्र के सानीबसंतपुर निवासी साहेब हुसैन व सिकंदरपुर निवासी मिथलेश कुमार है। दोनों को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में एसपी नीरज कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 नवंबर को जीबी नगर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थानान्तर्गत चाचोपाली पुल के पास दो व्यक्ति हथियार से लैश होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीबी नगर थाना पुलिस टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुंच कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में एक कट्टा, दो कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल जब्त कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जीबी नगर थाना कांड संख्या 544/25 दर्ज किया गया। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि गिरफ्तार साहेब व मिथलेश से पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थिति में सिपाही की मौत, स्वजनों ने कराई हत्या की प्राथमिकी

**दारौंदा(सीवान )।** थाना के समीप एक किराए के मकान में रह रहे सिपाही ही शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिला के अरवल थाना क्षेत्र के मोकरी निवासी बुंदेल कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में मृत बुंदेल के भाई कुणाल कुमार ने थाना में आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाया है। अपने बयान में कहा है कि मेरे भाई जीरादेई थाना में जीरादेई में अग्निशमन दल में आरक्षी पद पर स्थापित थे, वे दारौंदा थाना के समीप बलिराम यादव के किराए के मकान में रहते थे। 29 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे मकान मालिक का फोन आया कि बुंदेल कुमार की मौत हो गई है। जब हमलोग दारौंदा पहुंचे तो पता चला कि उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने इस हत्या में शामिल दोषी की पहचान कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं मृत बुंदेल के चाचा मुकेश कुमार ने हत्या की आशंका जताई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। स्वजनों के अनुसार बुंदेल पत्नी सबिता कुमारी चार माह पूर्व मायके चली गई थी। उसे एक चार वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार है। पत्नी सविता कुमारी का बिहार पुलिस में चयन हुआ है और वह इन दिनों शारीरिक परीक्षा की तैयारी कर रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना से कुछ समय पहले भी मृतक की पत्नी से बातचीत हुई थी और पति-पत्नी के संबंध सामान्य बताए जा रहे हैं।

## कंटेनर से बरामद शराब के मामले में छह के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सीवान )।** थाना की पुलिस ने शनिवार की शाम एनएच 227 ए पर सुघड़ी गांव स्थित पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी एक कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद कर कंटेनर समेत शराब को थाना लाई। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कंटेनर से शराब उतरवा थाने में रखी है। साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए उपचालक हरियाणा के जजर निवासी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर ली है जबकि चालक मन्नू कुमार भागने में सफल रहा। इस मामले में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। उन्होंने बताया कि जब्त शराब की कीमत करीब 50 लाख बताई जाती है जबकि कंटेनर की कीमत 30 लाख होगी। गिरफ्तार उपचालक ने बताया कि चालक उसे पश्चिम बंगाल जाने के लिए बोल कर लाया था। इस मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि उपचालक प्रदीप कुमार समेत आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब की बोतल टूटने पर बदबू न आवे इसके लिए उसमें कपूर रखा गया था।

## हथियार-कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार :मुजफ्फरपुर में पैसे लेकर शूटर का काम कर रहा था, हत्या मामले में था फरार

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने औराई थाना क्षेत्र से एक शातिर अपराधी आनंद कुमार को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले सीढ़ी घाट से पकड़ा। आनंद कुमार नयागांव घाट के गौरी राय का बेटा है। थानाध्यक्ष राजा सिंह ने बताया कि आनंद के पास से एक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। उस पर पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। हाल के दिनों में वह पैसे लेकर शूटर का काम कर रहा था।



